1/

बिहार सरकार

खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग

## संकल्प

-----------

विषय :- ग्रामीण विकास विभाग तथा नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा संशोधित एवं पुनरीक्षित सर्वेक्षण के पश्चात् बढ़े हुए बी0पी0एल0 परिवारों को इकोनोमिक दर पर खाद्यान्न का क्रय कर आपूर्ति करने एवं इस पर होने वाले कुल 130.33 (एक सौ तीस करोड़ तैतीस लाख) रूपये की स्वीकृत योजना में व्यय हेतु बिहार आकस्मिकता निधि से अग्रिम की स्वीकृति के सम्बन्ध में ।

लक्षित जन वितरण प्रणाली के अन्तर्गत भारत सरकार से कुल 65.23 लाख बी0पी0एल0 परिवारों (25,01,000 अन्त्योदय परिवारों सहित) हेतु 35 किलोग्राम प्रति परिवार की दर से कुल 2.28 लाख मे0 टन खाद्यान्न का मासिक आवंटन प्राप्त होता है जबकि ग्रामीण विकास विभाग तथा नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा कराये गये पारिवारिक सर्वेक्षण के पश्चात् राज्य में बी0पी0एल0 परिवारों की संख्या 1,37,37,607 है ।

2. अन्त्योदय अन्न योजना के अन्तर्गत भारत सरकार से प्राप्त आवंटन के आलोक में 35 किलोग्राम प्रति परिवार खाद्यान्न की आपूर्ति की जा रही है । बढ़े हुए बी0पी0एल0 परिवारों को प्राप्त आवंटन से भारत सरकार द्वारा निर्धारित मात्रा 35 किलोग्राम प्रति परिवार की दर से प्रति माह आपूर्ति संभव नहीं होने के फलस्वरूप सभी बी0पी0एल0 परिवारों को खाद्यान्न की आपूर्ति करने के उद्देश्य से प्रति परिवार अनुमान्यता में कमी करते हुए 25 किलोग्राम प्रति परिवार निर्धारित करने एवं खाद्यान्न की अतिरिक्त आवश्यकता की पूर्ति हेतु इकोनोमिक दर पर खाद्यान्न क्रय कर बी0पी0एल0 परिवारों को आपूर्ति करने का निर्णय विभागीय संकल्प सं0-2264 दिनांक 06.05.2008 द्वारा लिया गया एवं माह जून, 2008 से तदनुसार खाद्यान्न की आपूर्ति की जा रही है ।

3. अन्त्योदय योजना के अन्तर्गत कुल 87,535 मे0 टन एवं बी0पी0एल0 योजनान्तर्गत भारत सरकार से 36,297 मे0टन गेहूँ एवं 1,04,484 मे0टन चावल का मासिक आवंटन प्राप्त होता है। इस प्रकार प्रति परिवार 10 किलोग्राम गेहूँ एवं 15 किलोग्राम चावल की आपूर्ति हेतु बी0पी0एल0 योजनान्तर्गत 76,069 मे0टन गेहूँ एवं 64,065 मे0टन चावल कुल 1,40,134 मे0टन मासिक रूप से खाद्यान्न की अतिरिक्त आवश्यकता पड़ती है ।

4. बी0पी0एल0 योजना में खाद्यान्न की कमी की पूर्ति बी0पी0एल0 योजना में भारत सरकार से प्राप्त अतिरिक्त खाद्यान्न के आवंटन एवं ए0पी0एल0 योजना का खाद्यान्न बी0पी0एल0 योजना में उपयोग कर किया जाता है । ए0पी0एल0 योजना का खाद्यान्न बी0पी0एल0 योजना में उठाव करने हेतु

8. अतः ग्रामीण विकास विभाग तथा नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा संशोधित एवं पुनरीक्षित सर्वेक्षण के पश्चात् बढ़े हुए बी0पी0एल0 परिवारों को इकोनोमिक दर पर खाद्यान्न का क्रय कर आपूर्ति करने एवं इस मद में अंतर राशि को बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम को भुगतान हेतु वर्त्तमान वित्तीय वर्ष 2014-15 में कुल-130.33 करोड़ रूपये व्यय के प्रस्ताव में मंत्रिपरिषद् की सम्पन्न बैठक दिनांक 19.08.2014 को मद संख्या - 02 के रूप में स्वीकृति प्राप्त है । संचिका संख्या-प्र06-विविध-58/2012- 49/टि0 ।

9. पूर्व में गैर योजना के अन्तर्गत वार्षिक बजट में "मुख्य शीर्ष 3456 उप मुख्य शीर्ष 00, लघु शीर्ष 103 मांग सं0- 18 उपशीर्ष- 0001 बी0पी0एल0 परिवारों को इकोनोमिक दर पर खाद्यान्न की आपूर्ति" के अन्तर्गत राशि का आवंटन प्राप्त होता था किन्तु वित्त विभाग द्वारा इसे गैर योजना से योजना में स्थानान्तरित करने का परामर्श दिया गया है।

10. योजना की स्वीकृति के पश्चात् "मुख्य शीर्ष 3456- सिविल पूर्ति, उप मुख्यशीर्ष 00, लघुशीर्ष 103 - उपभोक्ता आर्थिक सहायता, समूह शीर्ष राज्य योजना के अन्तर्गत उपशीर्ष 01 01 - बी0पी0 एल0 परिवारों को इकोनोमिक दर पर खाद्यान्न आपूर्ति" में बजट उपबंध कराया जाएगा एवं बिहार राज्य खाद्य असैनिक आपूर्ति निगम को भुगतान किया जाएगा ।

11. प्रस्ताव में मंत्रिपरिषद् की सम्पन्न बैठक दिनांक 05.11.2014 को मद सं0- 26 के रूप में स्वीकृति प्राप्त है। संचिका सं0- प्र06-विविध-58/2012- 58/टि0 ।

**आदेश :- अतः आदेश दिया जाता है कि संकल्प को सर्वसाधारण की जानकारी के लिए राजकीय गजट के असाधारण अंक में प्रकाशित कर दिया जाय ।**

(बी0 प्रधान)
प्रधान सचिव ।

ज्ञापांक - ज्ञापांक- प्र06-विविध-58/2012 8481 खाद्य-पटना/दिनांक- 06.11.14
प्रतिलिपि - अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय, गुलजारबाग, पटना को बिहार राजपत्र के आगामी असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित (दो हार्ड कॉपी एवं एक सी0 डी0 संलग्न)।

अनुरोध है कि गजट की 200 (दो सौ) प्रतियाँ विभाग को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय ।

प्रधान सचिव ।

ज्ञापांक - ज्ञापांक- प्र06-विविध-58/2012 8481 खाद्य-पटना/दिनांक- 06.11.14
प्रतिलिपि - महालेखाकार, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रधान सचिव ।

Annexure-I 125

# Bihar State Food & Civil Supplies Corporation Ltd.

## Detailes of the expenditure under APL to BPL

| Month | Allotement(In MT) | Lifting (In MT) | Purchase rate(In MT) | Total cost/Expenditure | Loss: Difference @2028(m.t) | Bill sent vide Letter No. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Dec-11 | 25000.00 | 15974.46 | 6344.00 | 101341974.24 | 32396211.64 | 1917/1-3-12 |
| Jan-12* | 25000.00 | 25384.68 | 6344.00 | 161040409.92 | 51480129.08 | 2607/23-3-12 |
| Feb-12 | 25000.00 | 22521.85 | 6344.00 | 142878616.40 | 45674315.86 | 2612/24-3-12 |
| Mar-12 | 25000.00 | 12364.25 | 6344.00 | 78438802.00 | 25075919.86 | 6386/27-7-12 |
| April/May-012 | 7449.89 | 7349.72 | 6344.00 | 46626623.68 | 14905237.43 | 6389/27-7-12 |
| June&july-012 | 14684.71 | 12548.27 | 6344.00 | 79606224.88 | 25447889.53 | 7747/17-9-12 |
| December-012 | 25000.00 | 9850.92 | 6344.00 | 62494236.48 | 19977657.38 | 1384/9-2-13 |
| March-013 | 51743.00 | 39686.67 | 6344.00 | 251772234.48 | 80484505.92 | 6092/20-7-013 |
| December-013 to January 14 | 17762.00 | 17420 | 6344.00 | 110512480.00 | 35328774.00 | 2718/21-3-014 |
| April to Nov-013 | 513884.11 | 473777.95 | 6344.00 | 3005647314.80 | 960983298.60 | 2719/21-8-014 |
| Feb-14 to March-14 | 8881.00 | 5684.97 | 6344.00 | 36065449.68 | 11529119.16 | 5099/24-5-014 |
| Total: | | | | 4,07,64,24,366.56 | 1,30,32,83,058.46 | |

* Including Additional Allotment

Chief Of Finance

B.S.F.C Patna.

(79)